# सीप गार्ड सीप ब्लॉकर 2K




**बाथरूम, किचन और भीतरी दीवारों के लिए व्हाइट सीमेंटकृत + पॉलिमराइज्ड 2K वॉटरप्रूफ कोटिंग.**

एक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली दो घटकों से युक्त सीमेंटकृत कोटिंग, जो पानी के रिसाव को प्रभावी ढंग से रोकती है और इसमें बेहतरीन लोच (एलास्टिसिटी) भी होती है. इसे प्रीमियम व्हाइट पोर्टलैंड सीमेंट, सावधानी से चुनी गई व्हाइट सिलिका रेत, विशेष एडिटिव्स और एक ऐक्रेलिक पॉलिमर इमल्शन के साथ बनाया गया है, जिससे मिले बेहतर स्थायित्व और दरार प्रतिरोधकता.

## प्रयोग स्थान

- ईंट की दीवार, एएसी दीवार, खोखले ब्लॉक की दीवार, कांक्रीट स्लैब आदि जैसी विशेष चिनाई वाली सतहों पर वॉटरप्रूफिंग के लिए पॉज़िटिव और निगेटिव साइड.
- बाथरूम, किचन सिंक जैसे गीले या पानी वाले स्थान.
- लिविंग रूम, बेडरूम आदि की भीतरी दीवारें.

## उत्पाद ख़ूबियाँ व फायदें

- **अत्यधिक जलरोधी:** पॉज़िटिव और निगेटिव हाइड्रोस्टेटिक दबाव के 5 बार तक वॉटरप्रूफिंग सुरक्षा.
- **एडहेशन:** कांक्रीट, ईंट के काम और नालीदार एस्बेस्टस सीमेंट शीट पर मजबूत एडहेशन देता है.
- **टिकाऊपन:** इमारत की सतह को रिसाव और रिसाव से होने वाले नुकसान से बचाए.
- **विस्तारित होना (एलाँगेशन):** इसमें थर्मल विस्तार और संकुचन के परिणामस्वरूप पैदा होने वाले तनाव का सामना करने के लिए अत्यधिक इलेस्टोमेरिक गुण होते हैं. यह टूटने पर 90% तक बेहतरीन विस्तार (एलाँगेशन) देता है.
- **क्रैक ब्रिजिंग:** इसमें जर्मन इलेस्टोमेरिक पॉलिमर होने के कारण इसमें बेहतरीन क्रैक ब्रिजिंग के गुण होते हैं.
- **फूड ग्रेड प्रमाणित:** यह उत्पाद केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान से प्रमाणित है और यह पानी की टंकियों, जलाशयों आदि में उपयोग करने के लिए सुरक्षित है.
- **अत्यधिक ठोस सामग्री:** ऐक्रेलिक पॉलिमर में अत्यधिक ठोस सामग्री होती है, जिससे बेहतरीन वॉटरप्रूफिंग के गुण मिलते हैं.
- **उपयोग और रखरखाव:** इसमें दो-घटकों के पैक होते हैं, जिनमें व्हाइट सीमेंट-आधारित पॉलिमर मोडिफ़ाइड पाउडर और ऐक्रेलिक तरल शामिल है.
- **एंटी-एफ़्लोरेसेंस:** यह उत्पाद एफ़्लोरेसेंस का प्रतिरोध करता है और इससे दीर्घकालीन प्रभाव मिलते हैं.
- **एंटी-कार्बोनेशन:** यह कांक्रीट संरचना को कार्बोनेशन के प्रभाव से बचाता है.
- **पर्यावरण के अनुकूल:** इसमें वोलाटाइल ऑर्गेनिक कंपाउंड (वीओसी) शून्य होते हैं.
- **शैवाल और कवक प्रतिरोधक:** यह सतह पर शैवाल और कवक को बनने से रोकता है.
- **वॉरंटी:** यह उत्पाद 3 साल की वॉटरप्रूफिंग वारंटी प्रदान करता है.

## पैकेजिंग

**3 Kg, 15 Kg**

# तकनीकी जानकारी

| Properties | Seep Guard Seep Blocker 2K | Test Method |
|---|---|---|
| Mix Ratio by weight (Powder: Liquid) | 2:1 | |
| Surface Dry Time (minutes) | 45 | ASTM D1640 |
| Recoatability Time, Hrs | 3 - 5 | |
| Elongation at Break (%) | 92 | ASTM D2370-2016 |
| Crack Bridging (mm) | No cracking up to 1.49 mm | EN 1062-7-2004 |
| Water Permeability (Against Hydrostatic Pressure) (Bar) | Positive: Nil @ 5 bar<br>Negative: Pass @ 5 bar | EN 12390-8-2019 |
| Pull-off Adhesion Strength, 14 days ($n/mm^2$) | 0.90 | ASTM D7234-2022 |
| Tensile Strength ($n/mm^2$) | 1.45 | ASTM D2370-2016 |
| Food Grade Certification | Pass | CFTRI Certification |
| Water Vapor Transmission, ($g/m^2/day$) | 30 | ASTM E 96:2022 |
| Coverage (One coat) (Sq. ft/Kg) * | 10 – 12 | |
| Coverage (Two coats) (Sq. ft/Kg)* | 7.5 – 8.0 | |
| Alkali Resistance | No colour change | IS 15489 |
| Fungal Resistant | Zero rating | ASTM G 21 |
| Pot Life @ 27°C | 3.5 hrs | Third-party test result |

*This value is on ideal concrete surface; however, this may change according to surface pattern/ texture.



## शेल्फ लाइफ

शेल्फ लाइफ उत्पादन की तारीख से 12 महीने है




बेहतरीन कवरेज | अतुलनीय जोड़ | अत्यधिक जलरोधी



# कैसे प्रयोग करें

## सतह को तैयार करना

- दबाव परीक्षण (प्रेशर टेस्ट) करके यह सुनिश्चित करें कि पाइप लाइन प्रणाली में कोई रिसाव नहीं है. यदि कोई रिसाव होता है तो उसे वॉटरप्रूफिंग लगाने से पहले ठीक कर लें.
- एमरी पेपर, छेनी, या तार के ब्रश आदि की मदद से सतह पर मौजूद गंदगी, धूल, कार्बनिक सॉल्वेन्ट (डी शटरिंग/क्योरिंग फ्री कंपाउंड) और तेल आदि जैसी सभी ढीली चिपकी हुई चीज़ों को सतह से हटा दें.
- फूलने की स्थिति होने पर प्लास्टर को ईंट के स्तर तक हटा दें और चिनाई वाली सतह को अच्छी तरह से साफ करें.
- इसके से पहले सतह की दरारों (3mm से कम) को सीप गार्ड क्रैक एंड से ठीक करें और और बड़ी दरारें (3mm से अधिक) होने, कांक्रीट में हनीकॉम्बिंग होने, क्षतिग्रस्त जगहों और खोखले स्थानों को पॉलिमर मोडिफ़ाइड मोर्टार / पॉलिमर मोडिफ़ाइड फ़ाइबर रिपेयर मोर्टार से ठीक कर लेना चाहिए.
- सतह को पहले गीला कर लेना चाहिए, जिससे सैचुरेटेड सरफ़ेस ड्राय (एसएसडी) की स्थिति हो जाए.

## मिश्रण बनाना

- मिश्रण अनुपात - पावडर : तरल = 2:1
- घोल (स्लरी) बनाने के लिए 1 कि.ग्रा. लिक्विड पॉलिमर के साथ 2 Kg पाउडर उत्पाद को धीरे-धीरे मिलाएँ.
- यदि हो सके तो मिश्रण किसी यांत्रिक स्टिरर द्वारा बनाया जाना चाहिए (3-5 मिनट)
- घोल (स्लरी) को अच्छी तरह से मिलाने के बाद 5 मिनट के लिए छोड़ दें, जिससे उसमें मौजूद हवा बाहर निकल जाए और सर्वोत्तम प्रदर्शन मिल सके. तैयार किए गए घोल का उपयोग उसकी पॉट लाइफ़ के भीतर कर लेना चाहिए.

## उत्पाद का उपयोग

- अच्छी तरह से मिलाने के बाद पेंटिंग ब्रश की मदद से साफ और सूखी दीवार/सब्सट्रेट सतह पर सीप ब्लॉकर 2K का पहला कोट एक समान रूप से लगाएँ.
- सतह को कम से कम 5-6 घंटे तक सूखने दें और फिर उत्पाद का दूसरा कोट लगाएँ. बेहतर परिणाम के लिए दूसरा कोट क्रॉसवाइज दिशा में लगाना चाहिए.
- दोनों कोट्स की कुल मोटाई अधिकतम 1 से 1.2 mm तक ही होनी चाहिए.
- वॉटरप्रूफिंग को फ़्लोर फिनिश के स्तर से ऊपर ऊर्ध्वाधर (वर्टिकल) सतहों पर कम से कम 300 mm तक ले जाया जाना चाहिए. बाथरूम में शॉवर के स्प्लैश ज़ोन के लिए वॉटरप्रूफिंग 1.8 M से 2.1 M तक की जानी चाहिए. अन्य गीले स्थानों में ऊर्ध्वाधर सतह को न्यूनतम 150 mm की ऊंचाई तक वॉटरप्रूफ किया जाना चाहिए.
- पॉन्डिंग टेस्ट करने से पहले एयर क्योर करने के लिए इस ट्रीटमेंट को 3-5 दिनों के लिए वैसे ही छोड़ देना चाहिए.

## पॉन्डिंग टेस्ट

- सभी आउटलेट बंद करने के बाद 50 mm की गहराई पर 48 घंटे का पॉन्डिंग टेस्ट करें और पानी का कोई रिसाव या सीपेज होने पर उसे ठीक करें.

## प्रोटेक्टिव स्क्रीड

- पॉन्डिंग टेस्ट सफलता से पूर्ण होने पर, सीप गार्ड सीप ब्लॉकर 2K कोटेड सतह पर 2-3 mm बिरला व्हाइट लेवलप्लास्ट या स्पैटरडैश (सीमेंट, एसबीआर लेटेक्स पॉलीमर और मोटी रेत (1:1:1.5) लगाएं ताकि बेहतर पकड़ मिल सके
- 24-48 घंटे बाद, उत्पाद लगाई गई सतह पर सीमेंट स्लरी (सीमेंट : पानी : 2 : 1.2) लगाएं, उसके बाद स्लरी के सख्त होकर स्मूद फिनिश देने से पहले 12 - 15 mm प्लास्टर (सीमेंट : रेत : 1 : 4) लगाएं।
- यदि ड्रेनेज पाइप फर्श पर बिछाए गए हैं, तो स्क्रीड की न्यूनतम मोटाई 20 mm होनी चाहिए.

## भीतरी ऊर्ध्वाधर दीवारें

- प्लास्टर की गई सतह को 7 दिनों तक क्योर होने दें और उसके बाद बिरला व्हाइट वॉलसील वॉटरप्रूफ पुट्टी के दो कोट लगाएँ.
- बेहतर फिनिश वाली सतह पाने के लिए इंटीरियर प्राइमर और उसके बाद टॉपकोट पेंट लगाएँ.

# SEEPGUARD™

WATERPROOFING SOLUTIONS

## SEEP BLOCKER 2K

*White Cementitious + Acrylic Waterproof coating*

